आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 02.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.
00000

- **दीपोत्सव की श्रृंखला में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन– प्रदेशभर में धार्मिक उल्लास का माहौल।**
- **रेल मंत्री ने त्यौहारी मौसम में गाड़ियों की व्यवस्थाओं पर जताया संतोष–कहा–इस साल करीब साढे सात हजार विशेष गाडियों का संचालन।**
- **देश में जी.एस.टी. संग्रह 9 प्रतिशत बढोतरी के साथ एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक पहुंचा।**
- **अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर महोत्सव आज से–पहले भरेगा पशु मेला–धार्मिक मेले का आयोजन 9 नवंबर से।**

000000

दीपोत्सव की श्रृंखला में आज देश–प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन हो रहे है। घरों और मंदिरों में गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर विधिवत पूजन किया जा रहा है। कई जगह आरती के सामूहिक आयोजन रखे गये है। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर भगवान की स्तुति की जा रही है। राजधानी जयपुर में गोविंद देवजी, लक्ष्मीनारायण जी, श्रीकृष्ण बलराम मंदिर सहित सभी छोटे बडे मंदिरों में अन्नकूट के आयोजन भी रखे गये है। बाजरा, मूंग, चौला आदि से अन्नकूट बनाकर ठाकुरजी को भोग लगाया जायेगा और प्रसादी वितरित की जाएगी। इस दौरान शहर के कई मंदिरों में गोवर्धन पर्वत और छप्पन भोग की झांकियां भी सजाई गई है। इधर बृज क्षेत्र भरतपुर में गोवर्धन पूजा को लेकर विशेष उल्लास बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले से लगते गोवर्धन जी की परिक्रमा को लेकर भी बडी संख्या में भक्तजन पहुंचे है।

.....

प्रदेश के विभिन्न अंचलों में भी गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव को लेकर धार्मिक उल्लास का माहौल है। डीग जिले के पूंछरी का लौटा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्रीनाथजी मंदिर में भगवान का अभिषेक कर प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना करेंगे। पूंछरी का लौटा सप्तकोसीय गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। इधर राज्य में कुछ स्थानों पर कल शाम प्रतिपदा लगने के बाद अन्नकूट के आयोजन किये गये। नाथद्वारा के श्रीनाथजी मंदिर में देर रात अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रीजी के सामने चावल प्रसाद का ढेर लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट दर्शन खोले गए।

.....

प्रदेश के ग्रामीण अंचलो में आज कई जगहों पर पशुओं से जुडी विभिन्न परम्पराओं का निर्वहन किया जा रहा है। बेलों और पशुधन को आकर्षक रूप से सजाकर उनकी पूजा की जा रही है। कई स्थानों पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। दीपोत्सव की कडी में कुछ स्थानों पर आज भाईदूज का त्यौहार भी मनाया जा रहा हैं। बहने अपने भाईयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की प्रार्थना कर रही है। हनुमानगढ़ जिले और आसपास के इलाकों में आज दीपोत्सव के पांचवें दिन भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बाजारों में इस अवसर पर मिठाईयों और फलों की दुकानों पर सुबह से ही चहल पहल बनी हुई है। कोटपूतली–बहरोड़ जिले और दूरदराज के गांवों में भी आज भाई दूज परम्परागत रूप से मनाई जा रही है। इससे पहले क्षेत्र के मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव रखा गया है। परम्परागत रूप से बाजरा, कढ़ी, मूली की सब्जी और पकोड़ी, मालपुआ बनाकर प्रसादी वितरित की जायेगी।

000000

देश में त्यौहारों के मौसम में उमड रही भारी भीड को देखते हुए रेलवे प्रशासन लगातार इंतजामों में जुटा हुआ है। अतिरिक्त गाडियों की व्यवस्थाओं के साथ ही गाडियों के फेरों की संख्या भी बढाई गई है। स्टेशनों पर किसी अप्रिय घटना और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। रेलवे की ओर से यात्रियों को एडवाइजरी जारी कर संदिग्ध स्थिति की सूचना रेलवे पुलिस बल को देने की अपील की गई है। रेलवे पुलिस बल के महानिदेशक मनोज यादव ने लोगों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने और रेलवे पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया है। यात्रियों को खतरनाक और ज्वलनशील या संदिग्ध वस्तुओं की सूचना तुरंत रेलवे अधिकारियों, रेल मदद वेब पोर्टल, मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से या हैल्पलाईन नम्बर 139 पर देने का आग्रह किया है।

इस बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल शाम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। रेल मंत्री ने यात्रियों से बातचीत कर उनकी राय जानी। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल और रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रेल मंत्री ने बताया कि इस साल त्यौहारों पर सात हजार चार सौ 35 विशेष रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। रेल मंत्री ने कहा कि 31 अक्टूबर तक इन रेल गाडियों से यात्रा करने वालो की संख्या 51 लाख हो गई है।

00000000

देश में वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी. का राजस्व संग्रह अक्टूबर महीने में 9 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। जी.एस.टी. के राजस्व संग्रह में यह दूसरी रिकॉर्ड बढ़ोतरी है। घरेलू बिक्री और बेहतर

अनुपालन के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई है। बीते महीने केन्द्रीय जी.एस.टी. के रूप में 33 हजार आठ सौ 21 करोड़ रुपये, राज्य जी.एस.टी. के रूप में 41 हजार आठ सौ 64 करोड़ रुपये और एकीकृत जी.एस.टी. 99 हजार एक सौ 11 करोड़ रुपये एकत्र हुए। कुल सकल जी.एस.टी. राजस्व संग्रह आठ दशमलव नौ प्रतिशत से बढकर एक लाख 87 हजार तीन सौ 46 करोड़ रुपये हो गया।

00000

भीलवाडा जिले के आसींद में मावा बनाने की एकफैक्ट्री का बायलर फटने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतको के शव सामुदायिक अस्पताल पंहुचाये है जहां आज पोस्ट मार्टम किया जायेगा। मामले की जांच की जा रही है।

00000

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। महोत्सव मे पहले परम्परागत रूप से पशु मेला भरेगा बाद में धार्मिक मेले का आयोजन किया जायेगा। पर्यटन विभाग की ओर से पुष्कर महोत्सव का आयोजन नौ नवम्बर से शुरू होकर सात दिन चलेगा।

......

00000

पाली जिले के चोटिला गांव में चल रहे पीर दुल्हेशाह बाबा की दरगाह के सालाना मेले में बडी संख्या में जायरीन पहुंच रहे हैं। दीपावली के दौरान आये मेले को लेकर गांव में लोगों के बीच धार्मिक सौहार्द भी बना हुआ है। कल पहले दिन तकरीर नातख्वानी के आयोजन रखे गये।

00000